राधे राधे श्री राधे

नाचे मोर घटाए छाई यमुना लेहर लेहर लहराई
झूमे गोप गोपियाँ सारे राधे बरसाने से आई
किरपा करती वो दुःख सब हरती राधे श्याम संग साजे,
पावन नाम की फेर लो माला बंद किस्मत का खोल लो ताला
राधे राधे जय राधे राधे राधे श्री राधे ...

श्याम संवारे राधा गोरी खेले आँख मिचोली,
इन के शुभ दर्शन से जीवन बन जाए रंगोली
रास रचाते वो रंग बरसाते बांधे प्रेम के धागे
पावन नाम की फेर लो माला बंद किस्मत का खोल लो ताला
राधे राधे जय राधे राधे राधे श्री राधे ...

वृंदावन को जाने वाले बरसाने भी जाना
मन मोहन के मन को भाये राधा का बरसाना,
राधे गाती बड़ा मन भाति मुरलियां मोहन की भाजे
पावन नाम की फेर लो माला बंद किस्मत का खोल लो ताला
राधे राधे जय राधे राधे राधे श्री राधे ...

कान्हा जी को प्यारा लागे राधे राधे जपना
मननी मन बड़ा लुभाए साबी का ये सपना
ख़ुशी कन कन में मेरे आंगन में राधे श्याम विराजे,
पावन नाम की फेर लो माला बंद किस्मत का खोल लो ताला
राधे राधे जय राधे राधे राधे श्री राधे ...

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/18408/title/radhe-radhe-shri-radhe

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |